दैनिक जागरण 18-03-2023

# जीएमएन कालेज की 53वीं वार्षिक खेलकूद स्पर्धा

# रुचि भट्ट और आशीष चुने गए बेस्ट एथलीट

जागरण संवाददाता, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में 53वीं वार्षिक खेलकूद का समापन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि एसडीएम अंबाला कैंट सतिंद्र सिवाच रहे, जबकि उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इससे पहले कालेज गवर्निंग बाडी के प्रधान डा. गुरदेव सिंह, महासचिव अजय अग्रवाल, प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। एसडीएम ने कहा कि खेल हम सब के लिए जरूरी है , क्योंकि शारीरिक विकास ही मानसिक विकास का आधार है। विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि जीतने के लिए हार भी स्वीकार करनी पड़ती है। यदि कोई भाग नहीं लेगा तो जीतेगा कैसे। जीत तो संकल्प से प्राप्त होती है। खेल के मैदान में खिलाड़ी अभ्यास करते हैं और अपने दृढ़ संकल्प को साकार करने के लिए जी जान लगा देते हैं। विद्यार्थियों की भागीदारी के लिए उन्होंने विद्यार्थियो के साथ साथ शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी इसका श्रेय दिया। इस प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रुचि भट्ट तथा बीए प्रथम वर्ष से आशीष को बेस्ट एथलीट घोषित किया गया। समापन समारोह का मंच संचालन डा. अमित कुमार, डा. अनुपमा सिहाग, डा. मनजीत कौर, डा. रवनीत कौर एवं डा. तृप्ति ने निभाया। शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. बृजेश गुप्ता, प्रो. रूपाली, पीआरओ डा. चंद्रपाल पूनिया आदि मौजूद रहे।



जीएमएन कालेज में एथलेटिक मीट में भाग लेते खिलाड़ी। • पीआरओ

## यह है प्रतियोगिता के परिणाम

- पुरुषों की 3000 मीटर रेस में आशीष बीए प्रथम वर्ष, रूद्रप्रताप बीसीए द्वितीय वर्ष तथा पंकज बीए प्रथम वर्ष क्रमशः पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे
- पुरुषों की स्लो साइक्लिंग रेस में मयंक बीबीए तृतीय वर्ष, दिवांश बीएससी तृतीय वर्ष तथा दीपांशु बीए प्रथम वर्ष क्रमशः पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे
- पुरुषों की लंबी कूद में अदनान बीकाम तृतीय वर्ष, अमनदीप बीए प्रथम वर्ष, अंकित बीकाम द्वितीय वर्ष क्रमशः पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे
- महिलाओं की रस्सा कूद में मोनी बीए प्रथम वर्ष, कृतिका वर्मा बीए द्वितीय वर्ष, निधि बीए द्वितीय वर्ष क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहीं
- महिलाओं की थ्री लैग रेस में नेहा व सिया बीए द्वितीय वर्ष, साक्षी व दमनप्रीत बीए प्रथम वर्ष, तृतीय आशी व आक्षी बीए प्रथम वर्ष क्रमशः पहले दूसरे, तीसरे स्थान पर रही
- पुरुषों की 400 मीटर रेस में आशीष बीए प्रथम वर्ष, पंकज बीए प्रथम वर्ष, रूद्रप्रताप बीसीए द्वितीय वर्ष क्रमशः पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

## यह रहे शिक्षक वर्ग की प्रतियोगिता के परिणाम

- पुरुषों की 100 मीटर रेस में डा. दीपक अहलावत प्रथम, अमनीश द्वितीय तथा विशाल तनेजा तृतीय रहे
- महिला शिक्षकों की 100 मीटर दौड़ में डा. अनुपमा सिहाग प्रथम, उदिता द्वितीय तथा डा. कमलेश तृतीय रहीं
- महिला शिक्षक चाटी रेस.में डा. जसबीर कौर प्रथम, डा. कमलेश द्वितीय तथा डा. सरोज व डा. अनुपमा सिहाग तृतीय स्थान पर रही
- नॉन टीचिंग स्टाफ की दौड़ में अनिल कुमार प्रथम, संजीव द्वितीय तथा संजीव कश्यप तृतीय रहे।